# हम, मुंबई के सामान्य यात्री, मानवअधिकार दिवस के उपलक्ष्य में आपके संज्ञान में निम्नलिखित मांगें प्रस्तुत कर रहे हैं।

## किफायती सार्वजनिक परिवहन और स्वच्छ हवा हमारा मूलभूत अधिकार है। मुंबई के यात्रियों के लिए BEST परिवहन जीवनरेखा है।

BEST की बस सेवाओं में बसों की संख्या में भारी कमी, सेवाओं की निम्न गुणवत्ता के कारण यात्रियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बसों की संख्या घटने के कारण लंबी प्रतीक्षा, भारी भीड़, महिलाओं व बच्चियों के साथ होने वाली छेड़छाड़, और यात्रियों का समय पर अपने गंतव्य तक न पहुँच पाना—ऐसी अनेक समस्याएँ भयावह रूप ले चुकी हैं। **इस संदर्भ में हमारी मांगें निम्नलिखित हैं:**

1. **BEST को आर्थिक सहायता की देने की पुरी जिम्मेदारी BMC की ही है,** तथा BEST का 'क' BMC के मुख्य बजट 'अ' में विलीन किया जाना चाहिए। इसका स्पष्ट कानूनी आधार BMC अधिनियम 1888 की धारा 126 और 134 में दिया गया है।
2. केंद्र और राज्य सरकार FAME-2 नीति के अंतर्गत निजी व्यावसायिक कंपनियों को इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए 60% सब्सिडी देती हैं। यह सब्सिडी BEST को प्रदान की जानी चाहिए, जिससे BEST का बस बेड़ा बढ़ाया जा सके।
3. **BEST बस सेवा को पूर्ण क्षमता वाली सार्वजनिक परिवहन सेवा के रूप में पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए** और कम से कम 6,250 BEST–स्वामित्व वाली बसों का बेड़ा रखा जाना चाहिए (प्रति 2000 जनसंख्या पर 1 बस—यह स्थापित मानक है)। 2010 की तुलना में BEST की वहन क्षमता आधे से भी कम रह गई है, जो अत्यंत चिंताजनक है।
4. BEST को बसों का बेड़ा **स्वयं के स्वामित्व में रखना आवश्यक है।** निजी कांट्रैक्टरों से Wet Lease पर बसें लेने का प्रयोग पूरी तरह असफल साबित हुआ है। इससे खर्च कम नहीं हुआ, बल्कि सेवा में अनियमित बाधाएं, बसें वापस लेना, बार-बार खराब होना, दुर्घटनाएं—ऐसी समस्याएँ बढ़ी हैं और यात्रियों को अत्यधिक कष्ट सहना पड़ रहा है।
5. हाल ही में की गई किराया वृद्धि, जिसमें किराया दोगुना–तीन गुना किया गया है, अनेक परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ डाल रही है। **यह किराया वृद्धि तुरंत वापस ली जानी चाहिए।**
6. बंद या कम किए गए **लंबी दूरी के BEST मार्गों को पुनः शुरू किया जाए।** कई वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, तथा भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन में यात्रा न कर पाने वाले बच्चे ऐसे मार्गों पर निर्भर रहते हैं।
7. BEST को अपनी भूमि **निजी बिल्डरों को बेचना तुरंत बंद करना चाहिए।** ये जमीनें BEST बसों के पार्किंग, मरम्मत, तथा कर्मचारियों के लिए स्वच्छ विश्रामगृह, कैंटीन, शौचालय आदि के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।
8. BMC और BEST को शहर के मुख्य मार्गों पर **बस-प्राथमिकता लेन (Bus Priority Lane / Bus Corridor) शुरू करने चाहिए,** जिससे बसों की संख्या बढ़ेगी, प्रतीक्षा समय घटेगा और यात्रियों की संख्या में बड़ी वृद्धि होगी।
9. मुंबई में प्रदूषण कम करने की जिम्मेदारी BMC को सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके लिए **सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन देना** सबसे महत्वपूर्ण उपाय है। हमारी उपरोक्त मांगें मानने से वाहनों की संख्या और उससे उत्पन्न प्रदूषण में कमी आएगी।
10. बेस्ट उपक्रम के सेवा मुक्त मजदूरों व् कर्मचारियों की ग्रॅज्युटी, फ़ाइनल बिल और बाकी रक्कम फौरन 'एक क़िस्त' में अदा की जाये।

उपरोक्त सभी मांगें मुंबई के सामान्य नागरिकों के मूलभूत अधिकार, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन स्तर सुनिश्चित करने हेतु अत्यंत आवश्यक हैं।

**आप इन मांगों पर तत्काल कार्रवाई करें और यात्रियों का विश्वास पुनर्स्थापित करें—यह निवेदन है।**

---

आमची मुंबई आमची बेस्ट, आयटक, भाडेकरू कृती सिमती, सिटू, दिशा विद्यार्थी संघटना, डेमोक्रॅटिक युथ फेडरेशन ऑफ इंडिया, फ्रायडेस फॉर फ्युचर मुंबई, हॅबिटॅट अँड लिव्हलीहुड वेलफेयर असोसिएशन, ह्युमनिस्ट सेंटर (दहिसर-बोरीवली), जनता केंद्र, जनवादी महिला संघटना, जन हक संघर्ष समिती, लोकराज संघटना, मुलभूत अधिकार संघर्ष समिती (मास), लोकतांत्रिक कामगार युनियन, नागरी निवारा विचार मंच, नौजवान भारत सभा, 'बेस्ट उपक्रम' निवृत्त कामगार संघटना, पाणी हक्क समिती, पुढे चला, पुरोगामी महिला संघटना, पुरोगामी विद्यार्थी संघटना, स्टुडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया, सर्व श्रमिक संघटना.

**आमची मुंबई आमची बेस्ट** 10 **डिसेंबर,** 2025